हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 28 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

12 अवैध निर्माण पर डीटीपी का एक्शन तेज नारनौल रोड पर कई जगह चली जेसीबी



12 ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंगों में छाए रहेंगे राव समर्थक...



## खबर संक्षेप



### आशियाना फाउंडेशन का तीज महोत्सव 26 को

**रेवाड़ी।** आशियाना फाउंडेशन की ओर से आगामी तीज महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था की सभी सदस्याएं उपस्थित रही। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से 26 जुलाई को तीज महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को पारंपरिक एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए, जिनमें लोकनृत्य, गीत-संगीत, मनोरंजन खेल, पारंपरिक परिधान शो एवं महिलाओं के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होगा।

### अवैध रूप से शराब बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना जाटूसाना पुलिस ने 13 जून को दड़ोली गांव में एक घर में बने होद से भारी मात्रा में शराब बरामद करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पुलिस के घर पर दबिश देने से पहले ही फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि दड़ोली निवासी उमंग अपने घर पर शराब बेचने का धंधा करता है। उसके घर में भारी मात्रा में शराब मौजूद है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तो उमंग घर पर नहीं मिला।

### डीएससी समाज की बैठक धानक बगीची में 29 को

**रेवाड़ी।** डीएससी समाज की मीटिंग 29 जून को सुबह 10 बजे धानक बगीची में आयोजित की जाएगी। डीएससी प्रधान रामौतार ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से एससी आरक्षण में वर्गीकरण करके डीएससी वर्ग को नौकरियों में अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है, लेकिन ओएससी समाज के लोग गलत तरीके से मेघवाल जाति का जाति प्रमाण पत्र बनवाकर डीएससी वर्ग को उनके हक से वंचित करने की कोशिश कर रहे है।

### अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी काबू

**बावल।** कसोला थाना पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव लाधूवास गुर्जर निवासी सुमित उर्फ गोलू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 2 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि रोहित निवासी गांव संगवाडी जिसके पास अवैध हथियार है तथा आसलवास फ्लाईओवर के नीचे किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है।

### एक दशक से नालों की सफाई में नप कर रही थी खानापूर्ति

# नालों की गंदगी निकलने पर पहली बार दिखने लगी जमीन

**नगर परिषद की ओर से नालों की सफाई के लिए दिया गया 60 लाख रुपये का ठेका, डीसी की सख्ती के बाद सफाई कार्य में तेजी**

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर नाले की सफाई करती जेसीबी मशीन, सरकुलर रोड स्थित नाले से निकाली गई पॉलीथिन व कांच की बोतलें, सफाई के बाद कन्या स्कूल के पास नाले की दिखी जमीन, सफाई के बाद नाले का ढक्कन लगाते कर्मचारी।

डीसी अभिषेक मीणा की सख्ती के बाद नगर परिषद ने शहर के नालों की सफाई का कार्य तेज कर दिया है। डीसी ने गत दिवस आगामी बरसात को देखते हुए नगर परिषद व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह में शहर के सभी ड्रेनेज व सीवरेज सिस्टम की सफाई करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद शुक्रवार को सरकुलर रोड पर स्थित नालों की सफाई के लिए जेसीबी चलती नजर आई।

इसके अलावा सफाई कर्मी भी उपकरणों व हाथों से नालों की गंदगी को बाहर निकालते दिखाई दिए। पिछले एक दशक से शहर के नालों की सफाई ठीक तरह से नहीं होने के कारण मानसून आने पर शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। गत 23 जून को आई तेज बरसात से शहर की स्थिति काफी बिगड़ गई थी। शहर के सरकुलर रोड, अंडरपास, मेन बाजार सहित नागरिक अस्पताल तक में पानी भर गया, जिसके बाद डीसी ने विभागों को नालों की जल्द सफाई करने के निर्देश दिए।

सरकुलर रोड पर लंबे अरसे बाद सफाई से नालों की जमीन तक दिखने लगी है, इससे पहले प्रति वर्ष मानसून के सीजन से पूर्व नालों की आधी-अधूरी सफाई करके खानापूर्ति कर ली जाती थी, जिसके कारण शहर की सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो जाती है और कई घंटों तक पानी की निकासी नहीं हो पाती और लोगों को परेशानी उठानी पड़ती थी। इस वर्ष शहर के सभी नालों की सफाई के लिए करीब 60 लाख रुपये का ठेका दिया गया है।

### धारूहेड़ा-बावल में भी नालों की सफाई नहीं

धारूहेड़ा व बावल कस्बे में बरसाती व गंदे पानी की निकासी के लिए बने नाले पूरी तरह से कीचड़ एवं गंदगी से भरे हुए हैं। नगरपालिका की ओर से ठेका देने के बाद भी नालों की सफाई का कार्य सुस्त चल रहा है। धारूहेड़ा कस्बे में गंदे पानी की निकासी के लिए दिल्ली मार्ग, बास मार्ग, सोहना-पलवल रेवाड़ी राजमार्ग, बिजली निगम कार्यालय रोड़ के साथ व पशु पालन अस्पताल के साथ नाले बने हुए है, जोकि लंबे समय से गंदगी और कीचड़ से लबालब भरे हुए हैं। नपा ने कचरे की सफाई के लिए अलग से टेंडर छोड़ा हुआ है, लेकिन सफाई न होने के कारण अधिकांश नाले एवं नालियां कीचड़, गंदगी और पॉलीथिन से भरी हुई हैं, जिसके कारण हल्की सी वर्षा होने से कस्बे में जगह-जगह जलभराव हो जाता है।

### इस बार नहीं होने दिया जाएगा जलभराव

*आगामी बरसात से पहले सभी नालों की सफाई के लिए पूरे प्रयास किए जा रह है ताकि इस बार शहर में जलभराव न हो सके। नालों की सफाई के लिए करीब 60 लाख रुपये का ठेका दिया गया है। सरकुलर रोड सहित सभी मार्गो पर जलभराव से निपटने के लिए नगर परिषद अलर्ट है। इस बार शहर में जलभराव नहीं होने दिया जाएगा।*

*-अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन नगर परिषद।*



रेवाड़ी। बरसाती नाले से निकाली गई गंदगी।

### गंदगी से सरोबार नालों की होने लगी सफाई

शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन प्रति वर्ष सुस्त नजर आता है। मानसून आने से पहले नालों की सफाई को लेकर अधिकारियों की ओर से बैठक करके आदेश दिए जाते है। वर्तमान में शहर के सेक्टर-एक के पास बरसाती नाला, मिनी बाइपास से साधूशाह नगर जा रहा बरसाती नाला, दिल्ली रोड का बरसाती नाला, ऑटो मार्केट का नाला, राव तुलाराम पार्क के पास का नाला, मॉडल टाउन का नाला व नारनौल रोड स्थित नाला सहित सरकुलर रोड के नाले पूरी तरह गंदगी से सरोबार है, लेकिन अब सरकुलर रोड के नालों की पहली बार सफाई होती नजर आ रही है।

### नालों में पॉलीथिन व कांच की बोतलों की भरमार

शुक्रवार को सरकुलर रोड स्थित बरसाती नालों की जेसीबी से सफाई की गई। फुटपाथ से ढक्कन हटाने पर नाले पूरी तरह गंदगी से भरे हुए थे, जिनसे पानी की निकासी होना संभव ही नहीं था। इसके अलावा सफाई कर्मी भी नाले से फावले व हाथों से कचरा निकाले नजर आए। नालों में जमा गंदगी में पॉलीथिन व कांच की बोतलों की भरमार थी। डीसी ने भी गत दिवस बैठक में शहरवासियों को नालों व नालियों में प्लास्टिक, पॉलीथिन व कांच की बोतलें सहित अन्य ठोस कचरा न डालने के निर्देश दिए है। इसके अलावा पशुपालकों को भी अपनी गाय-भैंस के गोबर को नालियों में न बहाकर खाद बनाने में इस्तेमाल करने की अपील की थी।

## फर्जी एसएचओ बनकर ठगी करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी हिमांशु कौशिक।

साइबर थाना पुलिस ने फर्जी एसएचओ बनकर एक ट्रांसपोर्टर को हजारों रुपये का चूना लगाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में आसलवास निवासी नरेंद्र ने बताया था कि उसका ट्रांसपोर्ट का काम है। 15 मई को उसके पास अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उसे बताया कि वह एसएचओ बोल रहा है। उसकी एक गाड़ी नोएडा से तीन एक्सिडेंट करके निकली है। वह इस मामले में समझौता करा सकता है, लेकिन इसके लिए उसे पैसे देने होंगे। उसकी बात पर विश्वास करते हुए उसने बताए गए नंबरों पर अपने नंबर से 22 हजार रुपये और अपने दोस्त के नंबर से 44.7 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने अपनी गाड़ी के चालक से पूछताछ की, तो उसने बताया कि गाड़ी का कोई एक्सिडेंट नहीं हुआ है। धोखाधड़ी का पता चलने के बाद उसने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 22 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नारनौल के देवस्थान निवासी हिमांशु कौशिक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बावल सीएचसी में सीजेरियन सुविधा शुरू, पहला ऑपरेशन रहा सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



रेवाड़ी। स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के बाद बच्चे के साथ स्टाफ।

बावल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीजेरियन डिलीवरी सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे पहले स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य डिलीवरी होती थी तथा सीजेरियन केस को रेवाड़ी नागरिक अस्पताल के लिए रेफर किया जाता था। बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिली सीजेरियन सुविधा क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य केंद्र को एफआरयू घोषित करते हुए इसमें आधुनिक लैब, उपकरण व आधुनिक एक्स-रे मशीन भी स्थापित की जा चुकी है। स्वास्थ्य केंद्र की एसएमओ डा. सीमा यादव ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में गांव नांगल तेजू निवासी महिला वर्षा देवी की सीजेरियन ऑपरेशन से सफल डिलीवरी की गई। जच्चा-बच्चा दोनों पूर्णतया स्वस्थ हैं।

## युवक पर फायरिंग करने के मामले दो और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

खोल थाना पुलिस ने गांव नांधा निवासी एक युवक पर फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव नांधा निवासी हिमांशु उर्फ सोनू व विकास के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। नांधा निवासी शिवम गत 18 जून को वह अपने घर पर मौजूद था। मकान के गेट के पास बाइक रुकने की आवाज आई तो वह घर के बाहर आ गया। वहां दो बाइकों पर चार युवक सवार थे। उनमें एक उनके गांव का हिमांशु बाइक से उतरकर उसकी ओर आया और उसने उस पर पिस्टल से गोली चला दी। वह गोली लगने से बाल-बाल बच गया। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला दिपेश गोली की आवाज सुनकर बाहर आया तो उस पर भी हिमांशु ने पिस्टल तान दी। हिमांशु के साथ उसके गांव का रहने वाला विकास, खोल निवासी नैनी व अन्य लड़का था। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी गांव खोल निवासी नितीश उर्फ नैनी व गांव नांधा निवासी सन्नी यादव को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपी गांव नांधा निवासी हिमांशु उर्फ सोनू व विकास को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी हिमांशु उर्फ सोनू के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार

**रेवाड़ी।** रेलवे प्रशासन की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 5 जोड़ी स्पेषल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। रेलसेवाओं का यह विस्तार 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 04705/04706 श्रीगंगानगर-जयपुर-श्रीगंगानगर स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक विस्तार किया जा रहा है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04801/04802 सीकर-जयपुर-सीकर स्पेशल रेलसेवा, गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा, गाड़ी संख्या 04853/04854 सीकर-लोहारू-सीकर स्पेशल रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 04879/04880 बाड़मेर-मुनाबाव-बाड़मेर स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विस्तार किया जा रहा है।

## नशीला पदार्थ बेच रहे दो आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कंटेनर डिपो के पास बनी झुग्गियों के पास नशीला पदार्थ गांजा बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से साढ़े 10 किलोग्राम से ज्यादा गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कंटेनर डिपो के पास बनी झुग्गियों में रहने वाला पश्चिम बंगाल के रजाराम चक निवासी शेख जाकिर उर्फ जाकिर हुसैन नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह झुग्गियों के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तो एक युवक पीठ पर कट्टा लादे झुग्गियों की ओर जाता दिखाई दिया।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर शेख सारुख।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर शेख जाकिर।

पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस ने पीछा करते हुए काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी ली तो उसमें दो पॉलीथिन में गांजा भरा हुआ मिला। वजन कराने पर एक पॉलीथिन से 5.380 किलोग्राम व दूसरी पॉलीथिन से 5.294 किलोग्राम हुआ। दोनों पॉलीथिन से कुल 10.674 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया।

### पूछताछ के बाद दूसरा साथी दबोचा

*पूछताछ के दौरान शेख जाकिर ने पुलिस को बताया कि वह झुग्गियों में रहने वाले पश्चिम बंगाल निवासी शेख सारुख के साथ मिलकर गांजा बेचने का धंधा करता है। पकड़े गए गांजे में उसकी भी हिस्सेदारी है। इसके बाद पुलिस ने शेख सारुख को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।*

### अपराधियों का अड्डा बनी झुग्गियां

कंटेनर डिपो के पास एचएसवीपी की जमीन पर बनी अवैध झुग्गियां अपराधों का गढ़ साबित हो रही हैं। इन झुग्गियों से कई बार चोरी के आरोपी भी पकड़े जा चुके हैं। एचएसवीपी ने कुछ समय पहले अपनी जमीन को खाली करा लिया था, परंतु इस जमीन पर एक बार फिर से झुग्गियां बनाकर कब्जा जमा लिया गया है।

## कंपनी की लाखों रुपये की ट्रॉलियां गायब करने के मामले में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना बावल पुलिस ने औद्योगिक एरिया की एक कंपनी की लाखों रुपये की ट्रॉलियां और पाट्र्स गायब करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस शिकायत में कंपनी के प्रतिनिधि संजीव ने बताया कि उनकी कंपनी से तैयार माल ढिल्लों ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों में कस्टर एंड तक पहुंचाया जाता है। इन गाड़ियों में ट्रॉलियां और पाट्र्स लोड होकर जाते हैं।

बाद में खाली ट्रालियां वापस कंपनी आ जाती हैं। कंपनी की इन्वेंट्री जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी की कई ट्रालियां कम हैं। गहनता से जांच करने पर पता चला किया गाड़ी चालक बिजेंद्र कई दिनों से खाली ट्रॉली एक कबाड़ी को बेचता रहा है। कंपनी की इन्वाइस में फेरबदल कर गाड़ियों की फर्जी एंट्री कराई गई है। इस कार्य में कंपनी का एक कर्मचारी केशव कुमार भी संलिप्त है। दोनों मिलकर ट्रालियों के साथ-साथ कंपनी के पाट्र्स भी बेचते रहे हैं। पुलिस ने उसकी शिकायत पर 25 जून को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। कंपनी प्रतिनिधि के अनुसार अभी तक कंपनी की 130 ट्रॉली गायब हो चुकी हैं। इनकी कीमत 32.50 लाख रुपये है। गायब हुए स्पेयर पाट्र्स इससे अलग हैं। पुलिस ने संजीव की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक कोसली के भैरमपुर निवासी बिजेंद्र और कालड़ावास निवासी केशव को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के तिजारा निवासी रिंकू कुमार और रेवाड़ी के न्यू हाउसिंग बोर्ड निवासी वरुण सचदेवा को गिरफ्तार किया है।

### तीन दिन से आसमान में छा रहे बादल, आसमान साफ होने के बाद चढ़ा पारा

# लगातार दगा दे रहे बदरा, भारी गर्मी ने सताया, आज से राहत की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शुक्रवार को तेज धूप में बचाव करती जाती स्कूटी सवार महिला।

आसमान में लगातार बादल छा रहे हैं, लेकिन बिना बरसे ही लौट जाते हैं। हवा में नमी का स्तर बढ़ा हुआ है। धूप खिलते ही उमस भरी गर्मी जमकर परेशान करने लगती है। अच्छी बरसात का इंतजार लंबा खिंचता जा रहा है। शनिवार से दो-तीन दिनों तक बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। अच्छी बारिश के बाद ही भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल सकती है।

शुक्रवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक मौसम साफ हो गया। इसके बाद तेज धूप ने भारी गर्मी का प्रकोप बढ़ा दिया। अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 36.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 65 फीसदी तक रहा, जबकि 16 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। सुबह 10 बजे के बाद ही आसमान होने से खिली तेज धूप ने लोगों का पसीना निकालना शुरू कर दिया। उमस इस कदर बढ़ी हुई है कि कूलर की हवा भी पसीना सुखाने में मददगार साबित नहीं हो रही है। लोग दिन भर भारी गर्मी से परेशान रहते हैं। एसी कमरों में गर्मी से राहत जरूर मिल रही है। रात के समय भी गर्मी का असर बढ़ रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 28 जून से मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादलों के बीच कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अच्छी बरसात होने तक उमस भरी गर्मी इसी तरह पसीने निकालती रहेगी।

### बिजली की खपत में होने लगा इजाफा

सप्ताह के शुरू में हुई बरसात के बाद बिजली की खपत में कमी आ गई थी। गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की खपत एक बार फिर से बढ़ने लगी है। इस समय जिले में बिजली की खपत लगभग 85 लाख यूनिट चल रही है। आपूर्ति पर्याप्त रहने के कारण पावर कटों से निजात मिली हुई है। गर्मी बढ़ने के बाद बाजरा की फसल को सिंचाई की जरूरत है, जिस कारण कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ने लगी है। किसान एक बार फिर आसमान की ओर नजरें टिकाए हुए हैं।



सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।

# अच्छी जॉब चाहिए तो सीखनी होगी अच्छी स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आजकल जमाना काफ़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी सामने आ रही है। ऐसे में मनुष्य का भी नई टेक्नोलॉजी के अनुसार ढलना जरूरी है। अब ऐसा नहीं है कि आपने कोई भी पढ़ाई की और आराम से नौकरी मिल जाएगी। अब विद्यार्थियों को नौकरी लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। नौकरी लेने के लिए अब पढ़ाई नहीं बल्कि स्किल होनी चाहिए। आपको जॉब देने वाले लोग देखेंगे कि आपके अंदर किसी काम को करने के लिए कितना कौशल है। आप किस प्रकार किसी भी कम को करते हैं या समझते हैं और उसे कितने तरीके से कर सकते हैं।

## कौशल होना जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग :** आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। हर कोई मोबाइल और इंटरनेट पर अपना पूरा समय व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा माध्यम है जहां मशीन आपके अनुसार कार्य करती है। आने वाले वक़्त में पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर उपयोग करेगी। इस कारण आज के समय में अगर आप एक ऐसी नौकरी पाना चाहते हैं जिनकी मांग बहुत ज्यादा हो, कंपटीशन कम हो और ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले तो आपको आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करना चाहिए। यह कोर्स आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते है। किसी भी संस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने के लिए सबसे पहले आपको पूरी जानकारी एकत्रित कर लेनी है।

## मशीन लर्निंग



आज के डिजिटल दौर में अलग-अलग कंप्यूटर व अलग-अलग तरह की मशीन बनाई जा रही है। यही वजह है कि मशीन लर्निंग की मांग काफी तेज हो चुकी है। इसके लिए आपको अलग-अलग कंप्यूटर लैंगवेज की समझ होनी चाहिए। मशीन लर्निंग के बारे में अच्छे से समझ कर आप अच्छी कमाई कर सकते है। बहुत सारी कंपनी में मशीन लर्निंग का काम करने वाले कर्मचारी को अच्छी सैलरी दी जाती है। इस समय भी इसकी काफी ज्यादा डिमांड है और इस क्षेत्र में कंपटीशन भी नहीं है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से मशीन लर्निंग के बारे में जान सकते है और ज्यादा से ज्यादा कंप्यूटर लैंग्वेज सीखकर मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तरक्की कर

## ये योग्यताएं भी होना बहुत जरूरी

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज से कुछ वक्त पहले कंप्यूटर में जानकारी को स्टोर करने की प्रोसेस थोड़ी अलग थी और अब लोगों की संख्या बढ़ाने और हैकिंग होने के कारण क्लाउड कंप्यूटिंग दिन प्रति दिन पॉपुलर हो रहा है। जानकारी को एकत्रित रखने का एक शानदार माध्यम है जो आपकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर को हल्का रखता है। अगर आप इस दौर में में कोई ऐसी नौकरी चाहते हैं जहां कंपटीशन कम हो और आपकी काबिलियत के अनुसार आपको हाई सैलरी वाली जॉब मिल सके तो आज के समय में हर बच्चे को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

### ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी

पिछले समय से आपने बिटकॉयन के बारे में काफ़ी सुना होगा। यह एक करेंसी है जो ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी पर चलती है। यही कारण है कि बिटकॉइन को कोई एक संस्था कंट्रोल नहीं करती है यह टेक्नोलॉजी इस कारण से लोगों के बीच काफी विख्यात हुई है और इस टेक्नोलॉजी को अन्य क्षेत्र में भी उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। आगामी समय में ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी का प्रयोग लगभग सभी संस्थाओं में किया जाएगा। अगर आप भी अच्छा पैसा कमाना चाहते है और अच्छी जॉब लेना चाहते है तो इसके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और इसके बारे में अच्छी तरह समझे। इसके लिए आपको ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी स्किल पर पूरा कमांड प्राप्त करना होगा।

### फाइनेंस मैनेजर

फाइनेंस के क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे कोर्स हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। जितनी जल्दी जमाना ग्रोथ कर रहा है लोगों की खरीदने की आदत उतनी गति से तेज हो रही है। पहले की अपेक्षा आज लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।



## आपके विदेश जाने के सपनों को भी कर सकते हैं पूरा

# विदेश में मिलेगा लाखों का पैकेज, भारी डिमांड वाले ये कोर्स बनाएंगे करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## फाइनेंस फील्ड में 60 लाख सालाना तक वेतन

विदेश में नौकरी का सपना हर युवा देखता है, लेकिन कम ही लोग विदेश में नौकरी कर पाते हैं। यदि आप भी विदेश में अच्छी नौकरी करके लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो यह इंफरमेशन आपके लिए ही है। आपको 12वीं के बाद ऐसे कोई कोर्स करना चाहिए, जिसकी विदेशों में भी काफी डिमांड रहती है। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग, बीमा विज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइन्स, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, मरीन इंजीनियरिंग, मीडिया और एनिमेशन कोर्स की डिमांड ज्यादा है। ऐसे कई कोर्स है जो लाखों की कमाई के साथ अच्छा करियर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही विदेश जाने का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

### मेकेनिकल इंजीनियर

विदेशों में टेक्निकल लोगों की काफी डिमांड है। खासकर मशीनरी और उसके पार्ट्स को डिजाइन और डवलप करने का काम करने वाली कंपनियों में काफी जॉब है। इसमें मैन्यूफैक्चरिंग



प्रोसेस की देखरेख करने का भी काम होता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स की सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में है। यहां मैकेनिकल इंजीनियर को सालाना 56 लाख रुपए की सैलरी पर आसानी से नौकरी मिल जाती है।

### कंप्यूटर साइन्स

कंप्यूटर के युग में नई-नई टेक्नालॉजी आ रही है, कंप्यूटर सिस्टम में नए-नए एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। ऐसे में कंप्यूटर साइंस कोर्स आपको अच्छे पैकेज वाली नौकरी विदेश में दिलवाएगा। विदेशों में साइबर फ्राड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं, ऐसे में वहां कंप्यूटर साइंस की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। कंप्यूटर साइन्स में कंप्यूटर सिस्टम और उसके नेटवर्क की सुरक्षा करना, डाटा को हैकिंग से बचाना और साइबर क्राइम से प्रोटेक्शन करना सिखाया जाता है। कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स खासकर भारतीय स्टूडेंट्स की काफी डिमांड विदेशों में ज्यादा रहती है। इस कोर्स के बाद आप अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, जर्मनी और इजरायल में जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज भी 61 लाख से अधिक का मिल सकता है।



### सिविल इंजीनियरिंग

भारत के सिविल इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स की डिमांड भी विदेशों में इसलिए है क्योंकि भारत के इस कोर्स में पब्लिक, प्राइवेट सेक्टर्स में सड़क, भवन, बिल्डिंग्स एयरपोर्ट, सुरक्षा के लिए निर्माण और जलापूर्ति का डिजाइन करना इस कोर्स के अंतर्गत आता है। और, इसी की डिमांड यूएई, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में काफी है। क्योंकि इन देशों में लगातार विस्तार हो रहा है। सैलरी का पैकेज भी 55 लाख सालाना मिलता है।

### बीमा विज्ञान

यदि आप बीमा विज्ञान के क्षेत्र में कोर्स कर रहे हैं तो निश्चित ही आप विदेश में नौकरी करेंगे। क्योंकि इसकी काफी डिमांड विदेशों में बढ़ गई है। वित्त के क्षेत्र में बीमा के लिए सांख्यिकी, रिस्क और मॉडलिंग के साफ्टवेयर, तकनीकों का इस्तेमाल इस कोर्स में होता है। इंश्योरेंस साइंस में कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आसानी से जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज 65 लाख से ज्यादा हो सकता है।

### बायोमेडिकल इंजीनियरिंग

यदि आप बायोमेडिकल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए भी विदेश में नौकरी के काफी अवसर मिलेंगे। मेडिकल के क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्किल्स का उपयोग और हेल्थकेयर में उपयोग होने वाले उपकरण तैयार करने, डिजाइन और उन पर रिसर्च करना, इस कोर्स का हिस्सा है। इसके बाद आपको न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, यूके और कनाडा में 58 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर नौकरी मिल सकती है।



### फार्मास्यूटिकल साइन्स

कोरोना काल के बाद यह सेक्टर काफी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इन दिनों भी डिमांड लगातार बढ़ रही है। फार्मास्यूटिकल साइन्स का कोर्स आपका करियर बना देगा। इसमें नई-नई दवाओं को विकसित करना, उनकी टेस्टिंग करना और उन्हें मैन्यूफैक्चर करने का काम सिखाया जाता है। इस कोर्स के बाद आपको कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में 60 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर नौकरी आसानी से मिल सकती है।

### डिजिटल मार्केटिंग

कोरोना काल के बाद अब लोग डिजिटल तरीकों से ज्यादा काम करने लगे हैं। कई कंपनियां भी डिजिटल मार्केटिंग पर जोर दे रही हैं। यही कारण है कि अब सभी प्लानिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखकर की जाने लगी है। इनमें सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स के जरिए भी काम होने लगा है। देश ही नहीं विदेशों में भी मैनेजर और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स जैसे प्रोफेशनल्स की मांग काफी बढ़ रही है। यह फील्ड क्रिएटिव वर्क के साथ ही अच्छी-खासी सैलरी भी दे रही है।

### डाटा एनालिटिक्स

कई कंपनियां डाटा एनालिटिक्स की भी भर्ती करती है। क्योंकि डाटा के जरिए कंपनी सेल्स स्ट्रेटेजी के जरिए कंपनी को आगे बढ़ा सकती है। इसका कोर्स भी युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। डाटा साइंटिस्ट की मांग विदेशों में ज्यादा बढ़ गई है। लाखों का सालाना पैकेज भी कंपनियां दे रही हैं। गणित, स्टेटिस्टिक्स और कंप्यूटर एप्लिकेशन के स्टूडेंट्स डाटा साइंटिस्ट या डाटा एनालिटिक्स का कोर्स कर विदेशों में नौकरी आसानी से पा सकते हैं।

### मरीन इंजीनियरिंग

यदि आप मरीन क्षेत्र में नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह इसका कोर्स आपको बेहतरीन करियर बनाने में मदद करेगा। मरीन इंजीनियरिंग कोर्स कर आप देश-विदेश के मरीन फिल्म में नौकरी कर सकते हैं। मरीन इंजीनियरिंग का काम करने वाले युवा जहाज की मरम्मत करने और उसकी देखरेख का काम करते हैं। इसमें भी लाखों रुपए का पैकेज मिलता है।

### मीडिया और एनिमेशन कोर्स

जर्नलिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और ब्रांड एनिमेशन में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स भी विदेशों में जॉब कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए सबसे जरूरी है क्रिएटिव स्किल्स। इसमें एनिमेशन की डिमांड है, विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस कोर्स के बाद काफी जॉब विदेशी कंपनियों में निकल रहे हैं। सैलरी भी काफी आकर्षक है। इस कोर्स के जरिए आप अपना बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं, देश में रहकर या विदेश में रहकर भी आप अच्छा पैकेज पर जॉब कर सकते हैं।

# नकारात्मकता को अपनी ताकत बनाकर मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में कई बार हम ऐसे माहौल में फंस जाते हैं, जहां नकारात्मकता हमारा हौसला तोड़ने की कोशिश करती है। चाहे वह पढ़ाई का दबाव हो, दोस्तों या परिवार की आलोचना, असफलता का डर, या समाज की नकारात्मक सोच, ये सभी हमारे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, यह याद रखें कि आपकी ताकत आपके भीतर है। नकारात्मक माहौल को न केवल सहन किया जा सकता है, बल्कि उसमें भी आप मजबूती के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आइए, जानते हैं कि कैसे आप नकारात्मकता को अपनी ताकत में बदल सकते हैं। नकारात्मक माहौल तब सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। अपने सपनों को हमेशा सामने रखें। चाहे लोग आपको कितना भी निराश करें, यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी प्रेरणा है। हर सुबह अपने आप से पूछें, "मैं यह क्यों कर रहा हूँ?"

## अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें

**अपने जवाब को ही अपनी ढाल बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप एक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो नकारात्मक टिप्पणियों को अनदेखा करें और अपने अध्ययन पर ध्यान दें।**

**सकारात्मक सोच को अपनाएं :** नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सोच आपका सबसे बड़ा हथियार है। हर दिन अपने आप को कुछ सकारात्मक बातें कहें, जैसे "मैं मेहनती हूँ," "मैं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हूँ।" नकारात्मक लोगों की बातों को सुनें, लेकिन उन्हें दिल से न लगाएं। इसके बजाय, उनसे प्रेरणा लें कि आपको और बेहतर करना है। सकारात्मक किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियाँ सुनें, और अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें।

**अपने समय का सही उपयोग करें :** नकारात्मक माहौल में समय बर्बाद करना सबसे आसान होता है। लोग आपको हतोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन आपका समय आपका है। इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। पढ़ाई, खेल, और आत्म-विकास के लिए समय निकालें। जब आप अपने समय का सही उपयोग करते हैं, तो नकारात्मकता आपके दिमाग में जगह नहीं बना पाती।

**सही लोगों का साथ चुनें :** आपके आसपास के लोग आपके विचारों और भावनाओं को बहुत प्रभावित करते हैं। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, जो आपका हौसला बढ़ाते हैं। अगर आपके दोस्त या सहपाठी लगातार नकारात्मक बातें करते हैं, तो उनसे दूरी बनाएं। ऐसे गुरु, दोस्त, या परिवार के सदस्यों का साथ चुनें जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**असफलता को सीखने का अवसर बनाएं :** नकारात्मक माहौल में अक्सर असफलता का डर हमें कमजोर करता है। लेकिन असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हर गलती से सीखें। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय यह विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता देखी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आप भी अपनी असफलताओं को अपनी ताकत बनाएं।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** नकारात्मक माहौल में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। रोजाना व्यायाम करें, योग या ध्यान का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखता है और तनाव को कम करता है। अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें, और अपने शौक को समय दें। जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो नकारात्मकता का आप पर कोई असर नहीं होगा।

## आभार व्यक्त करें

नकारात्मक माहौल में भी कुछ न कुछ अच्छा जरूर होता है। हर दिन इसके लिए आभार व्यक्त करें। उदाहरण के लिए, आपके पास पढ़ने का अवसर है, एक परिवार है, या दोस्त हैं जो आपका साथ देते हैं। आभार की भावना आपको सकारात्मक बनाए रखती है और नकारात्मकता को दूर भगाती है।

**खुद पर भरोसा रखें :** सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद पर भरोसा करें। आप में वह ताकत है जो किसी भी नकारात्मक माहौल को पार कर सकती है। लोग जो कहते हैं, वह उनकी सोच है, आपकी हकीकत नहीं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और हर कदम पर खुद को प्रोत्साहित करें। आपके पास वह शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती है। बस उस शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें। यह शक्ति आपके आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच में छिपी है। नकारात्मक माहौल या चुनौतियाँ आपको रोक सकती हैं, लेकिन अगर आप अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें, तो कोई भी बाधा आपको नहीं हरा सकती। हर छात्र के भीतर एक अनमोल ऊर्जा है, जो सही दिशा में उपयोग करने पर न केवल आपके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज और दुनिया को भी बेहतर बना सकती है। इस शक्ति को पहचानें, अपने सपनों को पंख दें, और हर कदम पर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती है ?
(ए) अरुणाचल प्रदेश
(बी) मेघालय
(सी) पश्चिम बंगाल
(डी) सिक्किम

**2.** कौन - सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को दो लगभग बराबर भागों में विभाजित करता है ?
(ए) $23^\circ 30'$ दक्षिण
(बी) $23^\circ 30'$ उत्तर
(सी) 0 डिग्री
(डी) $33^\circ 30'$ उत्तर

**3.** भारत का सुदूर पश्चिम का बिंदु है -
(ए) $23^\circ 7'$ पश्चिम, गुजरात में
(बी) $68^\circ 7'$ पश्चिम, राजस्थान में
(सी) $68^\circ 7'$ पूर्व, गुजरात में
(डी) $68^\circ 7'$ पूर्व, राजस्थान में

**4.** अरावली एवं विंध्य श्रृंखलाओं के मध्य कौन - सा पठार स्थित है ?
(ए) मालवा का पठार
(बी) छोटानागपुर का पठार
(सी) दक्कन का पठार
(डी) प्रायद्वीपीय पठार

**5.** सिलवासा राजधानी है -
(ए) दमन एवं दीव की
(बी) दादरा एवं नगर हवेली की
(सी) लक्षद्वीप की
(डी) अरुणाचल प्रदेश की

**6.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा सर्वाधिक है ?
(ए) गुजरात
(बी) महाराष्ट्र
(सी) केरल
(डी) तमिलनाडु

**7.** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को क्या कहा जाता है ?
(ए) तराई
(बी) दून
(सी) खादर
(डी) भावर

**8.** कोरी निवेशिका जिस पर स्थित है, वह है -
(ए) कच्छ की खाड़ी
(बी) खम्भात की खाड़ी
(सी) कच्छ का लिटिल रन
(डी) कच्छ का रन

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### सोहना रोड पर जुआ खेलते चार आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नितिन निवासी गांव बडौली जिला पलवल हाल आबाद भिवाड़ी जिला अलवर राजस्थान, सुनिल निवासी गांव सहाडोद जिला अलवर राजस्थान, सन्दीप निवासी गांव गुर्जर घटाल हाल आबाद अलवर बाईपास जैन्सीस मॉल भिवाडी राजस्थान व उमेश निवासी गांव जाबली जिला गाजियाबाद यूपी हाल आबाद गांव सातलंका जिला अलवर राजस्थान के रूप में हुई है।

### धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

**धारूहेड़ा।** शुक्रवार को धारूहेड़ा कस्बे में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा कस्बे के सोहना रोड पर स्थित जांगिड़ धर्मशाला से शुरू होकर मुख्य बाजार से होती हुई शिव मंदिर सरकुलर रोड प्रजापति चौक पर सम्पन्न हुई। रथयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इसके बाद मंदिर में भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### डीसी ने अधिकारियों को नशे को जड़ से खत्म करने की दिलाई शपथ

# सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान का सेवन करने वाले का चालान करें अधिकारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कोई व्यक्ति हुक्का, बीड़ी-सिगरेट या तंबाकू पदार्थ का सेवन करता पाया जाए तो सक्षम अधिकारी उसका चालान करें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुलिस, ड्रग कंट्रोलर, शिक्षा अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी चालान बुक दे दी गई है। डीसी मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे तंबाकू उन्मुक्त प्रदेश, टीबी उन्मूलन, मलेरिया, डेंगू रोधक कार्यक्रम व एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की रिपोर्ट ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को नशा को जड़ से खत्म करने की शपथ भी दिलाई। डीसी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं के अंदर व सौ मीटर के दायरे में कोई भी तंबाकू पदार्थ का सेवन करता हुआ या बेचता हुआ पाया गया तो उसका चालान किया जाएगा।



रेवाड़ी। अधिकारियों को नशे को जड़ से खत्म करने की शपथ दिलाते डीसी।

जन्म के समय गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर पर चिंता व्यक्त करते हुए डीसी ने कहा कि आशा वर्कर तथा आंगनबाड़ी वर्करों के सहयोग से प्रसूता महिलाओं की सेहत की हर तीन माह बाद पूरी जांच होनी चाहिए। इसमें चिकित्सक को कोई केस रैफर का लगे तो उसे समय पर बड़े चिकित्सा संस्थान जैसे पीजीआई में भेज दिया जाए। अचानक कोई केस रैफर करने से महिला की हालत और गंभीर हो सकती है। इस साल जिले में आठ महिलाओं की डिलीवरी के समय मृत्यु हुई है। इसे भविष्य में शून्य पर लाया जाए। डीसी ने कहा कि लड़कियों और लडकों में खून की कमी एक आम समस्या है। इसके लिए हमें ऐसा प्रोग्राम बनाना चाहिए कि बारहवीं कक्षा तक तो बच्चे की एचबी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मिलती रहे। एक बार किसी का एचबी सुधर गया तो साल-दो साल बाद फिर से कम हो सकता है। इसलिए ऐसा न हो कि जो लड़का या लड़की एनीमिया रिपोर्ट के रिकार्ड में आ जाए तो एचबी में सुधार आते ही उसे छोड़ दिया जाए। उसकी आगे भी जांच होती रहनी चाहिए। डीसी ने कहा कि मलेरिया-डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए फोगिंग कराई जाए और प्रत्येक भवन व मकानों में पानी भरने वाले उपकरणों की सफाई होनी चाहिए। अधिकारी यह इंतजार न करें कि कोई केस होने पर ही उस एरिये में मच्छर मार दवा का छिड़काव कराया जाएगा, हाई रिस्क एरिये में पहले से ही फोगिंग को शुरू करा दें। उन्होंने कहा कि लोगों को तपेदिक बीमारी के प्रति जागरूक किया जाए। स्कूलों में भी अधिक खांसी किसी बच्चे को आ रही है तो मेडिकल टीम से उसकी सेहत की जांच होनी चाहिए। इसके लिए स्कूल के किसी अध्यापक को भी रोग के लक्षण का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह, डीएसपी जोगेंद्र शर्मा, सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, डा. जयप्रकाश, डा. अमित यादव, डा. विशाल राव, डा. भंवर सिंह, डा. अभिषेक राव व एसडीओ योगेश मौजूद थे।



रेवाड़ी। डीसी को ज्ञापन सौपते हुए भाकियू चढ़ूनी के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## भाकियू चढ़ूनी ने किसानों की मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के एक शिष्टमंडल ने शुक्रवार को किसानों व मजदूरों की मांगों को लेकर डीसी अभिषेक मीणा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यूनियन के प्रधान समय सिंह प्रधान ने बताया कि किसानों की वर्ष 2023 के बाजरा भावांतर की करीब 80000 एकड़ की राशि अभी तक बकाया है, जिससे किसानों में काफी रोष है। पिछले दिनों जिले में भयंकर ओलावृष्टि हुई और लगभग 90 गांव प्रभावित हुए। इस नुकसान को लेकर किसानों व यूनियन को अभी तक पता नहीं कि फाइल कहा चल रही है। कितना परसेंट नुकसान दिखाया गया है तथा क्षतिपूर्ति पोर्टल से पैसे कब मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिन के अंदर समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी विरोध प्रदर्शन करेगी। डीसी ने बताया कि ओलावृष्टि का मुआवजा पूरे हरियाणा में एक साथ मिलेंगा तथा भावांतर की राशि जल्द दिलाई जाएगी। डीसी से मुलाकात के बाद संगठन की मीटिंग हुई और एक कमेटी बनाई गई। प्रधान ने बताया कि जुलाई में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के राष्ट्रीय प्रधान गुरुनाम सिंह रेवाड़ी में पंचायत करेंगे, जिसके लिए कमेटी बनाई गई है। कमेटी में श्याम सुंदर टींट, कैलाश बोहतवास, मुन्नी बूढ़पुर, वेद जाडरा व मनफूल चौधरी को शामिल किया गया।

## जीआरपी ने यात्रियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

रेलवे जंक्शन पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। जीआरपी एसएचओ चंदन सिंह के नेतृत्व में एसआई सत्यपाल सिंह, महिला एएसआई उर्मिला देवी, कांस्टेबल पिंकी व सुनीता ने यात्रियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनकी अवैध तस्करी के प्रति समाज में जन-जागरूकता फैलाना है, साथ ही युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोककर एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण करना है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जीआरपी एचएसओ ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद करता है। समाज में कई तरह के अपराध तो केवल नशे के कारण होते हैं। कुछ लोग लूटमार जैसी वारदातों को केवल इसलिए अंजाम देते हैं ताकि वे नशीले पदार्थों की अपनी जरूरत पूरी कर सकें। खासकर वे युवा जो बेरोजगार हैं, या जिनकी आमदनी कम है, वे अगर नशे के चंगुल में फंस गए तो उनके पास अपनी यह जरूरत पूरी करने के लिए केवल गलत रास्ते ही हैं। एक बार नशे के दलदल में फंस जाते हैं तो फिर फंसते ही चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा।



रेवाड़ी। यात्रियों को नशे के खिलाफ जागरूक करती जीआरपी टीम।



रेवाड़ी। लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते पुलिसकर्मी।

## बनीपुर में लोगों को नशे से दूर रहने के प्रति किया जागरूक

**बावल।** विस क्षेत्र के गांव बनीपुर में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बावल थाना प्रभारी संजय सिंह व सरपंच पवन कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर एसएचओ संजय सिंह ने कहा कि नशा घर परिवार ही नहीं, समाज को भी बर्बाद कर देता है। समाज में तेजी से फैल रहा नशा चिंता का विषय है। समाज से ऐसी कुरीतियों को दूर करने में लोग पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने सभी लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे के कारण ही कई बार युवा अपराध तक कर देते हैं, ज्यादातर अपराधियों में नशे की प्रवृत्ति पाई जाती है। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने आसपास होने वाली ऐसी घटनाओं पर नजर रखें और नशा बेचने और नशा करने वालों को जानकारी पुलिस से साझा करें।

## मनुष्य के जीवन में स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्व : एसपी हेमेंद्र

- जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित कैंप में 140 पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों कराई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लघु सचिवालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। मेट्रो उमकल अस्पताल व हृदय संस्थान से वरिष्ठ चिकित्सकों ने पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों के बीपी, हार्ट व शुगर सहित अन्य जांच करके परामर्श दिया। सेंटर फॉर साइट अस्पताल के चिकित्सकों ने पुलिस कर्मचारियों की आंखों की जांच की। शिविर में करीब 140 पुलिस कर्मचारियों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर अस्पताल के सीनियर हृदय रोग विशेषज्ञ डा. रजत अग्रवाल, डा. विकास, अश्वनी बवेजा यूनिट हेड, गौरव गोयल मार्केटिंग हेड, कमलकांत मार्केटिंग मैनेजर व मार्केटिंग मैनेजर दिनेश सहित नर्सिंग स्टाफ तथा पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि मनुष्य के जीवन में स्वास्थ्य का सर्वाधिक महत्व है। स्वास्थ्य के बिना सभी सुविधाएं महत्वहीन हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति तन और मन से स्वस्थ होता है, वह संसार का सबसे सुखी प्राणी है, क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए समय पर किए गए उपचार का महत्व भी कम नहीं है। यदि व्यक्ति बीमार हो तो उसे तुरंत योग्य चिकित्सक की मदद लेनी चाहिए।



रेवाड़ी। कैंप में बीपी की जांच कराते डीएसपी डा. रविन्द्र सिंह।

### समर स्विमिंग कोचिंग कैंप में वंश सोनी ने जीता गोल्ड

**रेवाड़ी।** दिल्ली के नेवी बेस में आयोजित समर स्विमिंग कोचिंग कैंप में जिले के गांव कढ़ू भवानी पुरा के वंश सोनी ने स्वर्ण पदक जीता है। इस उपलब्धि पर वंश के दादा अभय सिंह ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। वंश सोनी के पिता नेवी ऑफिसर कुलदीप सोनी ने बताया कि नेवी बेस में आयोजित प्रतियोगिता में वंश ने अंडर-12 में भाग लिया था। वंश ने 130 प्रतिभागियों का पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वंश की इस उपलब्धि से माता प्रियंका, पिता कुलदीप सोनी, दादी सरस्वती व दादा अभय सिंह सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

## कोसली क्षेत्र के विकास कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

क्षेत्र के झाल गांव के शिव मंदिर में जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि जिला प्रमुख मनोज कुमार ने कहा कि प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार विकास कार्यों के मामले में किसी भी क्षेत्र को पीछे नहीं रहना देना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कोसली क्षेत्र के गांवों में भी अनेक विकास कार्य प्रगति पर है तथा कुछ पर काम जारी है। उन्होंने गांव के खेल मैदान के लिए जिला परिषद की ओर से 11 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने ब्लॉक समिति द्वारा बनाई गई जोहड़ की दीवार व पानी की टंकी का उद्घाटन भी किया। इस मौके पर ब्लॉक समिति नाहड़ के अध्यक्ष दुष्यंत यादव, नाहड़ के बीडीपीओ अनिल यादव, विक्रम सिंह, राजेंद्र सिंह, राकेश नंबरदार, अशोक कुमार भागीरथ, धर्मवीर, ईश्वर सिंह, नंदकिशोर, अरविंद शर्मा व सत्यनारायण चौहान सहित मंदिर कमेटी के पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।



रेवाड़ी। झाल गांव में जिला प्रमुख का स्वागत करते चेयरमैन दुष्यंत कुमार व ग्रामीण।

## धूमधाम से निकली भगवान श्रीजगन्नाथ की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

शुक्रवार को शहर में भगवान श्रीजगन्नाथ महाराज की शोभा रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ में मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी टेकचंद गौड़ ने मुख्यातिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के सुपुत्र निशांत यादव, रवि अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता अमित यादव व सूरजभान सैनी के साथ किया। इस मौके पर निशांत यादव ने कहा कि भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होकर बड़ा पूण्य मिलता है। सभी को ऐसे आयोजनों में धर्मलाभ लेना चाहिए। मुख्य सारथी रवि भट्ठेवाले ने कहा कि भगवान के रथ का सारथी बनना बड़े गर्व की बात है। राजन अग्रवाल ने भगवान के भव्य सिंहासन को सिर पर उठाकर शहर परिक्रमा के लिए रथ में विराजमान किया। इस मौके पर व्यवस्थापक स्वामी टेकचंद गौड़ ने कहा कि यात्रा के प्रथम बार संचालन के लिए 7 जुलाई 1878 को लाइसेंस बना था, तब से यात्रा निर्बाध रूप से निकाली जा रही है। रथयात्रा संचालक रमेश वशिष्ठ ने बताया कि रथयात्रा वृंदावन चौक स्थित भगवान श्रीजगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई शहर के भाड़ावास रोड़, नई अनाजमंडी, हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, रावलीहाट, पुरानी अनाजमंडी, गोकलगेट, जीवली बाजार, कटला बाजार व पेठा बाजार के मार्ग से वापस मंदिर में देर शाम आरती के साथ सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान गुजरान चौक, गोकल बाजार, घंटेश्वर महादेव मंदिर व कटला बाजार सहित पूरे सभी जगह व्यापारियों व श्रद्धालुओं ने ठंडाई व मीठा पानी छबील सहित मिठाई बांटकर यात्राका भव्य स्वागत किया।



रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में पहुंची रथयात्रा व प्रसाद लेते श्रृद्धालु।

### शहरवासियों को सड़कों पर निकलने में सताने लगा डर

# सेक्टर-4 में हिंसक बनी गाय ने युवक को रौंदा गोवंश के हमलों से सबक नहीं ले रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| रेवाड़ी

शहर में सड़कों पर घूमते गोवंशों से लोगों को जान जाने का डर सताने लगा है। प्रशासन की लापरवाही व सुस्ती के कारण गत वर्ष में कई लोग गोवंश के हमले से अस्पताल पहुंच चुके है। नगर परिषद के अधिकारी बार-बार गोवंश को गोशालाओं में भेजे जाने का दावा करते आ रहे है, लेकिन हकीकत में शहर के मुख्य मार्गो, बाजार व कॉलोनियों में काफी संख्या में गोवंश देखे जा सकते है। गोवंश के हमले का ताजा मामला शहर के सेक्टर-4 का है। जहां एक बनी हिंसक गाय ने युवक अंशुल बेनीवाल पर हमला कर दिया और उसको अपने पैरों के नीचे बुरी तरह रौंद डाला। गंभीर रूप से घायल अंशुल को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को घर भेज दिया गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गोवंश के हमले का यह कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले गोवंश के हमले से कई लोगों की मौत भी हो चुकी ह तथा काफी लोग घायल हो चुके है। नगर परिषद पिछले चार महीनों में करीब 1300 बेसहारा पशुओं को पकड़ने का दावा कर रही है, लेकिन सड़कों पर इनका आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में अब तक बेसहारा पशुओं के हमलों में कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद न तो कोई ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही कोई सबक लिया जा रहा है। प्रशासन की ओर से सिर्फ बैठकें करके खानापूर्ति कर ली जाती है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं।







रेवाड़ी। गाय के हमले से घायल अंशुल। व युवक को बचाने गए लोगों के पीछे भागती गाय। और खाली प्लाट में युवक को मारती गाय।

**पार्क में जाते समय युवक पर हमला**

घायल के परिजनों ने बताया कि अंशुल शाम के समय घर से पास के पार्क में खेलने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उसके पीछे से गाय दौड़ पड़ी और उसे गिरा लिया। अशुंल जान बचाने के लिए दौड़ा गाय ने उसे पास के खाली प्लॉट में गिराकर करीब पांच मिनट तक पैरों से रौंदा। अंशुल की चीख-पुकार सुनकर आसपास के तीन-चार लोग बचाने दौड़े, लेकिन गाय उनके पीछे भी मारने दौड़ पड़ी। इस घटना ने एक बार फिर से प्रशासन की पोली खोल दी है।

**लापरवाही बरतने**

गोशाला संचालकों की मीटिंग ली जा चुकी है ताकि इन सभी पशुओं को गोशालाओं में भेजा जा सकें, जिसकी भी लापरवाही मिलेगी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पालतु गोवंश को खुले में छोड़ने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है।

## बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाटूसाना

जाटूसाना थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जिला भिवानी के दिनोद रोड शास्त्री नगर निवासी सोमबीर व गांव नांगल भगवानपुर निवासी सुनील के रूप में हुई है। थाना जाटूसाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में जिला भिवानी के दिनोद रोड शास्त्री नगर निवासी सोमबीरको गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। जिला महेंद्रगढ़ के गांव निम्बी निवासी अक्षय कुमार की गत 20-21 जून की रात को कोई व्यक्ति बाइक चोरी करके ले गया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त आरोपी सोमबीर को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दूसरी घटना में पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में गांव नांगल भगवानपुर निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। गांव मसीत निवासी मित्रसेन ने गत 17 मार्च को अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

जिला रेवाड़ी के खंड नाहड़ की ग्राम पंचायत कारोली में मछली पालन के लिए उपलब्ध सभी सुविधाओं से युक्त जोहड़ (तालाब) की बोली दिनांक 04-07-2025 को प्रातः 10-00 बजे गांव के पंचायत घर में होगी। इच्छुक व्यक्ति पंचायत घर में पहुंच कर बोली में भाग लें।

हस्ता/- शर्मिला देवी, सरपंच
ग्राम पंचायत कारोली खंड नाहड़
(रेवाड़ी) मो. 9991407372

**ग्राम पंचायत-पांचोर माजरी दूधा पोस्ट-रालियावास सब-तहसील धारूहेरा जिला रेवाड़ी, हरियाणा**

**सार्वजनिक सूचना**

**गीले पेड़ों की बोली लगावाने हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पांचौर में दो नीम के पेड़ और कुछ फिरास के गीले ठूठ है। जिनकी बोली 04.07.2025 को प्रातः 10:00 बजे लगाना चाहते है। कागज कार्यवाही पूरी हो चुकी है। बोली की शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत पांचौर, माजरी दूधा
मो. नं. 9996342777

**खबर संक्षेप**



## कृषि फार्म में चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गत 25 जून की रात को गढ़ी अलावलपुर में एक कृषि फार्म के कमरे का ताला तोड़कर सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस को दर्ज शिकायत में गढ़ी अलावलपुर निवासी संजीत ने बताया था कि उसका गांव में कृषि फार्म है, जिसकी रेडिमेड चारदीवारी बनाई हुई है। कृषि फार्म पर एक कमरा बनाया हुआ है। जब वह 26 जून की सुबह अपने फार्म पर गया तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। चोर कमरे से एक स्पीड एसी, गैस सिलेंडर, 12 फव्वारा नोजल व लेबर के सामान सहित काफी सामान चोरी कर ले गए। संजीत ने आरोप लगाया कि चोरी की वारदात को गांव के ही आकाश, मन्नू व उनके अन्य साथियों ने अंजाम दिया है। केस दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति निर्माण करने वालों पर गाज

# अवैध निर्माण पर डीटीपी का एक्शन तेज नारनौल रोड पर कई जगह चली जेसीबी

- सड़क किनारे 30 मीटर की ग्रीन बेल्ट में निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ डीटीपी की कार्रवाई से हड़कंप मच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

कंट्रोल्ड एरिया और सड़क किनारे 30 मीटर की ग्रीन बेल्ट में निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ डीटीपी का एक्शन एक बार फिर तेज हो गया है। डीटीपी की टीम ने नारनौल रोड पर कई स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की, जिससे प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर प्लॉट खरीदने वाले लोगों तक में हड़कंप मच गया। डीटीपी की यह कार्रवाई लगातार जारी रहने की संभावना है, जिसकी जद में आने वाले समय में कई निर्माण आ सकते हैं।

शुक्रवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ डीटीपी का दस्ता नारनौल रोड पर खोरी के राजस्व एरिया में पहुंचा। इस एरिया में 9 अवैध निर्माण ढहाए गए। यह निर्माण हाइवे की ग्रीन बेल्ट में किए हुए थे। खोरी के पास ही डीटीपी दस्ते ने 3 एकड़ जमीन पर तैयार की गई 15 डीपीसी, 2 चारदीवारी व निर्माण के साथ कच्चे रोड नेटवर्क को भी जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, परंतु पुलिस बल तैयार रहने के कारण वह कुछ नहीं कर सके।

डीटीपी की टीम ने रामपुरा राजस्व एरिया में कॉलोनी विकसित करने के लिए दो एकड़ में तैयार किए गए रोड नेटवर्क को भी साफ कर दिया। इस कार्रवाई से प्लॉटिंग का कार्य करने वाले लोगों में तो हड़कंप मचा ही, साथ ही प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों में भी खलबली मच गई। डीटीपी का एक्शन आने वाले समय में निरंतर जारी रह सकता है।

**बाज नहीं आ रहे डीलर और कॉलोनाइजर**

प्रदेश सरकार नई कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों पर सख्त रुख अपना रही है। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इसके बावजूद प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि पर जमकर प्लॉटिंग कर रहे हैं। कॉलोनाइजर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। लोगों को जल्द कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर महंगे दामों पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। रबी फसल कटाई के बाद प्लॉटिंग के कार्य में तेजी आ गई है, जिस कारण डीटीपी की ओर से कार्रवाई तेज कर दी गई है।

**डीलरों के झांसे में आकर न खरीदें प्लॉट**



डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग ने आमजन से अपील की है कि वह प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है।



रेवाड़ी। भाकली-2 में विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधायक अनिल यादव।

# कोसली विस क्षेत्र विकास के पथ की ओर अग्रसरः अनिल यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में कोसली विधानसभा क्षेत्र विकास के पथ की ओर अग्रसर है। वे शुक्रवार को गांव भूरथला व कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र की लाला रामरतन धर्मशाला में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक अनिल यादव ने भूरथला गांव के मुख्य रास्ते से परमानंद के मकान तक का रास्ता, जयपाल के मकान से बनवारी मास्टर के मकान तक का रास्ता, धर्मसिंह के मकान से स्व. उदयवीर के मकान तक का रास्ता, हर्बल पार्क में ओपन जिम, भगवान परशुराम भवन, कोसली रेलवे स्टेशन पर परशुराम भवन में लगाए गए सबमर्सिबल, भाकली-2 में ओमशांति आश्रम से केंद्रीय विद्यालय तक का रास्ता, ओमशांति से आरके पुष्प के मकान तक का रास्ता व नठेड़ा रोड से श्याम मंदिर तक का बनाए गए रास्तों का उद्घाटन किया। विधायक ने भाकली-2 पंचायत को 11 लाख रुपए की विकास राशि तथा मुख्य बाजार में शौचालय निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। पंचायत समिति चेयरमैन दुष्यंत सिंह ने भी भाकली-2 गांव में विकास कार्य के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कपिल चेयरमैन, अजयपाल चेयरमैन, सरदार सिंह बहाला, मंडल अध्यक्ष अनूप, हरीश, गोपी, भाकली के श्याम सिंह सरपंच, कोसली के सरपंच रामकिशन, भाकली-2 के सरपंच प्रतिनिधि विजय पूनिया, सुरेश भाकली, दिनेश गोयल, उदयभान डागर, सुनील गर्ग, तेजपाल, धीरज मुरलीपुर, राज प्रधान, प्रेम प्रकाश नाहड़, प्रमोद, साधु सरपंच, विक्रम यादव नायब तहसीलदार हरिकिशन व बीडीपीओ अनिल कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सीपीएलओ ने वेतन में वृद्धि की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। विधायक अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपते सीपीएलओ यूनियन के सदस्य।

कोसली की क्रीड पंचायत लोकल आप्रेटर यानि सीपीएलओ ने शुक्रवार को विधायक अनिल यादव को ज्ञापन देकर विधानसभा में सीपीएलओ की मांग उठाने का आग्रह किया। सीपीएलओ यूनियन के दयावान, रोहित, मनोज व राहुल ने कहा कि सीपीएलओ से दो विभागों का काम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें मात्र 6 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है तथा उनका वेतन भी समय पर जारी नहीं किया जा रहा। सीपीएलओ ने वेतन में वृद्धि की करने और समय पर वेतन देने की मांग की। विधायक अनिल यादव ने कहा कि वे उनकी समस्या को सरकार के समक्ष रखेंगे। इस अवसर पर सीपीएलओ दयावान, राहुल, मनोज यादव, रोहित रतनथल, दिनेश, अंशु, नीरज, रोहित लिलोढ, सरबजीत, मनोज भुरथला, संजय व रोहित नाहड़ मौजूद थे।

# समाधान शिविर में अब तक 2859 शिकायतों का किया समाधान

- कोई विभाग शिकायत को अपने पास रख कर बैठा हुआ है तो यह उदासीन रवैया माना जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में शिकायतों की समीक्षा करते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतों का शीघ्रता से निपटारा करें। डीसी ने कहा कि यदि कोई शिकायत अभी हल नहीं की जा सकती है या हल करना संभव नहीं है तो उसका जवाब अवश्य भिजवाएं। किसी भी शिकायत को लंबित रखना विभाग के मुखिया की उदासीनता मानी जाएगी। डीसी अभिषेक मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रति सप्ताह नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें आई शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई होनी चाहिए। कोई विभाग शिकायत को अपने पास रख कर बैठा हुआ है तो यह उस विभाग का उदासीन रवैया माना जाएगा। इससे पहले वीडियो कांफ्रेंस में कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने जिले की रिपोर्ट ली। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले में अभी तक 3323 शिकायतें आई हैं, इनमें से 2859 का समाधान कर दिया गया है और 247 लंबित हैं, जिन पर कार्यवाही की जा रही है।

डीसी ने महिला ज्योति की ओर से दी गई शिकायत पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ को छिपटवाड़ा मोहल्ले की जिन गलियों में अभी तक सीवरेज लाइन नहीं है, उनमें सीवरेज सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। देवेंद्र व ओमप्रकाश किसानों ने शिकायत दी थी कि उनको अभी तक वर्ष 2024 में हुई ओलावृष्टि का मुआवजा नहीं मिला है। इस पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी क्षतिपूर्ति पोर्टल पर वर्ष 2023 तक का डाटा उपलब्ध है। डीसी ने पोर्टल को अपडेट कराने के निर्देश दिए। डीसी ने महिला सुशीला देवी की शिकायत पर एचएसवीपी के अधिकारियों को जमीनी विवाद के मामले में इंतकाल किए जाने व तमीमा काटे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली वितरण निगम, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, नगर परिषद विभाग व पंचायत विभाग के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी रविंद्र सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान व बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिल रही योजना का लाभ उठाएं महिलाएंः एसडीएम



रेवाड़ी। आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण करते एसडीएम विजय कुमार।

**कोसली।** एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में पौष्टिक आहार देना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने गांव सादतनगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को गोद लिया हुआ है। उन्होंने केंद्र में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिल रही योजना का लाभ उठाएं। हर एक महिला अपने परिवार की धुरी होती है। इसलिए खुद का और बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। एसडीएम ने कहा आंगनबाड़ी सेंटर में सरकार की ओर से दिए जा रहे अनाज व पौष्टिक आहार को सुरक्षित व साफ बर्तनों में रखें। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सुचारू रूप से चलाया जाए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुदेश व हेल्पर कृष्णा मौजूद थी।

# एनसीबी टीम ने खलियावास में ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ दिलाई

- सरपंच, बुजर्गों, युवाओं व अन्य को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। कार्यक्रम में युवाओं के साथ एनसीबी टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला एनसीबी यूनिट की ओर से शुक्रवार को गांव खलियावास सामुदायिक भवन में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक नीरज कुमार ने वर्तमान सरपंच, बुजर्गों, युवाओं व अन्य व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समाज को नशा एक दीमक की तरह खाली कर रहा है, हमारी युवा पीढ़ी नशे से ग्रस्त हो चुकी है। आज नशा गावों, गलियों और घरों तक पहुंच चुका है। नशा एक सामाजिक कुरीति है तथा हम सभी को मिलकर इसे खत्म करना है। उन्होंने कहा कि समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थान, मीडिया और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के नशें संबंधित टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन और हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91508 या इंचार्ज रेवाड़ी के नंबर 9813136557 पर सूचना दें ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सकें।




रेवाड़ी। बुजुर्ग महिला को आयुष्मान कार्ड वितरित करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

## भाड़ावास पीएचसी के कैंप में 70 से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाकर सौंपे

**बावल।** गांव भाड़ावास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को 70 से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने किया। कैंप में पीएचसी भाड़ावास के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के लाभार्थियों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि आयुष्मान योजना में 70 साल से अधिक आयु वाले वृद्धजनों को पांच लाख रुपये तक का हर साल मुफ्त इलाज उपलब्ध है। इस कार्ड से पात्र व्यक्ति आयुष्मान पैनल में शामिल किसी भी प्राइवेट हॉस्पिटल में अपना मुफ्त इलाज करा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुजुर्गों की सेवा के लिए यह विशेष योजना लागू की है। कैंप में प्राइवेट अस्पताल की टीम ने सहयोग दिया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डा. भंवर सिंह नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, मनीष खत्री मैनेजर, प्राइवेट अस्पताल के यूनिट हेड डा. अंकित श्रीवास्तव, एजीएम डा. सत्यनारायण यादव, डा. तेजस्वी यादव, मनोज यादव एलएचवी, पूनम यादव, एलटी, संजय यादव एलटी, दिनेश फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स सुशीला, राहुल, विष्णु, रविन्द्र अग्रवाल, नीलम, सुनीता व मैत्री देवी सहित आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**शिविर में 100 लोगों ने कराई आंखों की जांच**

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा भाजपा मंडल की ओर से शुक्रवार को आयुष्मान भारत के पैनल पर आंखों की जांच का निःशुल्क कैंप लगाया गया। पार्षद मनोज सैनी ने कैंप का शुभारंभ किया। पार्षद मनोज सैनी को जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य मनोनीत होने पर टीम ने सम्मान किया। डा. संदीप चौहान, विक्रम सिंह व अभिषेक ने करीब 100 लोगों की आंखों की जांच की। पार्षद मनोज सैनी ने जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य बनने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह,स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सावन सैनी जिला सोशल मीडिया सह प्रमुख भाजपा, मंडल उपाध्यक्ष डी के बंसल, शैलेंद्र सिंह चंदेल, जितेंद्र सिंह नेगी व कृष्ण पार्षद उपाध्यक्ष उपस्थित थे।



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**नियुक्तियां** इससे पूर्व नजरअंदाज रहे थे राव इंद्रजीत सिंह के समर्थक, अन्य नियुक्तियों में भी मिल सकती है जगह

# ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंगों में छाए रहेंगे राव समर्थक, केंद्रीय मंत्री के चहेतों को तवज्जो

- जिले के तीनों हलकों से 39 सदस्यों को शामिल किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सदस्य बनने के बाद राव से मिलने पहुंचे सरपंच नरेश नीरू। ग्रीवेंस कमेटी की मेंबर बनी नीरू भारद्वाज तथा पिंकी यादव। फोटो : हरिभूमि

पूर्व सीएम मनोहरलाल के कार्यकाल में सरकारी नियुक्तियों के समय दरकिनार रखे गए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के समर्थकों के दिन बदलने शुरू हो गए हैं। हाल ही में सरकार की ओर से जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्यों की नियुक्तियां की हैं। जिले के तीनों हलकों से 39 सदस्यों को शामिल किया गया है, जिनमें सर्वाधिक केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक माने जाते हैं।

राव समर्थकों की बड़ी संख्या में नियुक्तियों ने इस बात के संकेत भी दे दिए हैं कि आने वाले समय में बोर्ड या निगमों की नियुक्तियों में भी अहीरवाल में राव खेमे को तवज्जो मिल सकती है। पूर्व सीएम मनोहरलाल के साथ छत्तीस का आंकड़ा बना रहने के कारण पिछली सरकार के कार्यकाल में राव समर्थकों को सरकारी नियुक्तियों के समय पूरी तरह से उपेक्षित रखा गया था। इसके विपरीत राव विरोधी खेमे के नेताओं और उनके समर्थकों को आगे रखा गया था। इस बात की टीस राव को लगातार रही, परंतु वह कुछ कर पाने की स्थिति में नहीं थे। बीते विधानसभा चुनावों में अहीरवाल की अधिकांश सीटों पर राव समर्थकों की जीत ने उनका भाजपा में कद बढ़ाने का काम किया था। इसी के चलते उनकी बेटी आरती राव को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 15 जून को सीएम नायब सिंह सैनी के रेवाड़ी आगमन के बाद राव के सुर बदलने शुरू हो गए, परंतु बेटी के सरकार में मंत्री रहते उनके समर्थकों को मान-सम्मान मिलना शुरू हो गया है। ग्रीवेंस कमेटी में तीनों हलकों से 39 लोगों को शामिल किया गया है, जिनमें अधिकांश राव के खास समर्थक माने जाते हैं। इन नियुक्तिओं में राव विरोधी खेमे को इस बार कोई तवज्जो नहीं मिली है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक आने वाले समय में बोर्ड या निगमों के चेयरमैन बनाने समय भी अहीरवाल में राव समर्थकों को महत्व दिया जा सकता है।

**रेवाड़ी हलके से बनाए गए सदस्य**

इस कमेटी में रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से मंजू यादव मूसेपुर, बालावास अहीर निवासी कैप्टन भोलाराम, बांबड निवासी डा. सौरभ यादव, सेक्टर-3 निवासी जतिन अरनेजा, बीएमजी एलिगेंट से गौरव शर्मा, कुतुबपुर प्रदीप भार्गव, मॉडल टाउन से शक्ति यादव, नीरू भारद्वाज, समीर कालरा, नंदरामपुर बास रोड के मनोज सैनी, धारूहेड़ा से अजीत सिंह, बीकानेर से दिनेश, मीरपुर गांव से नवीन और भक्ति नगर निवासी सुरेश कुमार शामिल हैं।

**बावल से इन लोगों को मिली जिम्मेदारी**

बावल विधानसभा के गांव मनेठी से पिंकी, आसलवास निवासी चरण सिंह, रघुनाथपुरा से राजेश मुदगिल, पंजाबी मोहल्ला से सतीश बत्रा, प्राणपुर निवासी सुरेंद्र, नंदरामपुर बस से रावत सिंह पूर्व सरपंच, महेंद्र, खोरी से नरेश सरपंच, गांव बिठवाना बलराज, खोल से सुभाष चंद्र व रमेश खत्री को ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

**मुकेश जाहिदपुर राव के खास समर्थक**

कोसली विधानसभा से गांव जाहिदपुर से मुकेश कुमार, गुड़यानी से सुनीता गुड़यानी, बरेली कलां से सविता यादव, गांव मांढैया से कमलकांत, विश्वकर्मा कॉलोनी कोसली से उदयभान यादव, कतोपुरी से राजकुमार, सरदार सिंह, मूसेपुर से डॉक्टर सुभाष, गांव कोसली से अनिल कुमार, डहीना से गोपी यादव, नाहड़ से हरीश कुमार, कोसली से अनूप यादव, जाटूसाना से सुरेंद्र को ग्रीवेंस कमेटी का मेंबर बनाया गया है।